प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख प्रस्तुत करने के लिए प्रमुख साझेदार देशों में भेजेगी सात बहुपक्षीय प्रतिनिधिमंडल।
2. सशस्त्र बलों के सम्मान में प्रदेश के कई जनपदों में निकाली गई तिरंगा यात्राएं : केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महाराजगंज में किया सेना के शौर्य को नमन।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयुष विभाग की समीक्षा बैठक को किया सम्बोधित : कहा– प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में की जाए आयुष महाविद्यालय की स्थापना।

और

4. प्रदेश में अगले सात दिनों तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान : मुख्यमंत्री ने आपदा प्रभावित जनपदों में राहत कार्य तेज करने के दिए निर्देश।

——————————

केन्द्र सरकार पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों समेत प्रमुख साझेदार देशों का दौरा

करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनीतिक व्यक्तित्व और प्रतिष्ठित राजनयिक शामिल होंगे। एक रिपोर्ट.....

*इस बहुदलीय शिष्टमंडल का उद्देश्य भारत की राष्ट्रीय सहमति और आतंकवाद से लड़ने के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण को विश्व के सामने रखना है। वे दुनिया को भारत का सख्त संदेश देंगे कि भारत आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीति रखता है। इन सात शिष्ट मंडलों का नेतृत्व भारतीयजनता पार्टी के रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, कांग्रेस के शशि थरूर, जनता दल यूनाइटेड के संजय कुमार झा, द्रविड़ मुनेत्र कषगम की कनिमोझी करूणानिधि, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुप्रिया सुले और शिव सेवा के श्रीकांत एकनाथ शिंदे करेंगे। इस बीच,संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बहुदलीय शिष्टमंडल के बारे में कहा है कि भारत के साझा संदेश को लेकर चलेंगे। जिसमें आतंकवाद के खिलाफ कतई बर्दाश्त न करने की नीतिका संदेश होगा। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक मतभेदों से परे  राष्ट्र एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है। श्री रिजिजू ने कहा कि ऐसे क्षणों में सबसे ज्यादा मायने रखता है कि भारत एकजुट खड़ा होता है। वही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पांच प्रमुख राजधानियों में बहुदलीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करने के लिए केंद्र द्वारा आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्रहित की बात होगी और उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे। अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

इसी बीच, मीडिया से बातचीत में भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि भारत का सामूहिक संकल्प दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट रहने के महत्व को रेखांकित करेगा। इसके साथ ही, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले ने जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संसदीय कार्य मंत्री

किरेन रिजिजू और विदेश मंत्री डॉ.सुब्रमण्यम जयशंकर का आभार व्यक्त किया।

——————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में आज केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के नेतृत्व में महराजगंज में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है। बाइट....

*कारगिल के बाद जिस प्रकार से भारत के सेना ने पाकिस्तान मेंचुन–चुन कर नौ आतंकी ठिकानोंपे हमला किया, हमारा लक्ष्यपाकिस्तान से लड़ाई का नहीं है। हमारा लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई का है और आतंकवादजहां तक घुसे रहेंगे और अभी आपरेशन सिन्दूर समाप्त नहीं हुआ। अभी डीजीएमओ का 18तारीखको पुनरवार्ता होनी है और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने पहले ही कह दिया है कि अबपाकिस्तान से वार्ता होगी तो केवल आतंकवाद पे और गुलाम कश्मीर पे ही वार्ता होगीदूसरे किसी चीज पे वार्ता नहीं होगी।*

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान की अगुवाई में गोरखपुर जिले में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

कानपुर देहात, गौतमबुद्धनगर, फिरोजाबाद में भी तिरंगा यात्राएं निकाली गई। बागपत की तिरंगा यात्रा में प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री के.पी. मलिक शामिल हुए। बाइट....

*जो आज का उत्साह इस बात का सबूत है कि जो हमारे जवानों ने किया, जो हिंदुस्तान के हर एक नागरिक ने अपनेसहयोग देने का काम किया, जो आदरणीय प्रधानमंत्री जी नेनिर्णय लेने का काम किया, उसमें उनके हौसला अफजाई के लिए सब मिलकर इस बात का सबूत है कि हर हमारा जवान आगे बढ़ता रहे देश के प्रधानमंत्री आगे बढ़ते रहे और हम उन्हें वो ताकत देंगे, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।*

———————

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद आकाशवाणी समाचार सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज हम परमवीर चक्र विजेता राइफल मैन संजय कुमार का स्मरण कर रहे हैं। उन्होंने करगिल युद्ध में अनुकरणीय बहादुरी का परिचय दिया था। एक रिपोर्ट....**

*हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के निवासी राइफलमैन संजय कुमार 1996 में जम्मू और कश्मीर राइफल्स की 13वीं बटालियन में शामिल हुए। 4 जुलाई 1999 कारगिल युद्ध के दौरान रायफल मैन संजय कुमार मुषको घाटी में पॉइंट 4875 के एरिया फ्लैट टॉप पर कब्जा करने वाली टीम के प्रमुखस्काउट थे। जब हमले के लिए टीम आगे बढ़ रही थी तो एक जगह से दुश्मन ने ऑटोमेटिक गन से जबरदस्त गोलीबारी शुरू कर दी और टुकड़ी का आगे बढ़ाना कठिन हो गया। ऐसी स्थिति में गंभीरता को देखते हुए राइफल मैन संजय कुमार ने तय किया कि उस ठिकाने को अचानक हमला किया जाए। उन्होंने आमने–सामने की मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानियों को मार गिराया और दूसरे ठिकाने की और बढ़े। अचानक हुए हमले से दुश्मन बौखला कर भाग खड़ा हुआ और इसी भगदड़ में दुश्मन अपनी यूनिवर्सल मशीन गन भी छोड़ गए संजय कुमार इस यूनिवर्सल मशीन गन से दुश्मन का ही सफाई शुरू कर दिया और फ्लैट टॉप क्षेत्र को दुश्मन के हाथों से छीन लिया। जख्मी होने के बावजूद राइफल मैन संजय कुमार दुश्मन से जूझते रहे और वीरता साहस और आसाधारण उच्च कोटि की कर्तव्य निष्ठा का परिचय*

*दिया। जिसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया, राष्ट्र उन्हें सलाम करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयुष विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि प्रदेश के प्रत्येक मण्डल में एक इंटीग्रेटेड आयुष महाविद्यालय की स्थापना सुनिश्चित की जाए, जिसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी समेत आयुष की सभी पद्धतियों को एक ही परिसर में उपलब्ध कराया जाए। पेश है एक रिपोर्ट....**

*मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष चिकित्सा पद्धति को जन–जनतक पहुंचाने के लिए मिशन मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी आयुष संस्थानों में नेचुरोपैथी और योग सेंटर की स्थापना अनिवार्य रूप से की जाए और सभी स्वीकृत शैक्षणिक व चिकित्सकीय पदों को शत–प्रतिशत भरने की कार्यवाही समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के हर जनपद में हेल्थ एंड वेलनेस*

*सेंटर प्रारंभ किए जाएं, जो सरकारी या पीपीपी मोड में संचालित हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए अभी से तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी मण्डलों, जनपदों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और सरकारी विभागों में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

——————————

लखनऊ में चलती बस में आग लगने की दुर्घटना के बाद परिवहन विभाग ने तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की है। परिवहन विभाग की ओर से 'एनीवेयर फिटनेस' प्रणाली के तहत पिछले एक वर्ष में जारी सभी फिटनेस प्रमाणपत्रों की जांच के लिए यह तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जिसकी अध्यक्षता अपर परिवहन आयुक्त प्रवर्तन संजय सिंह कर रहे हैं। समिति 15 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उधर, इस मामले में गोरखपुर के तत्कालीन संभागीय निरीक्षक आरआई राघव कुमार कुशवाहा को निलंबित कर दिया गया है। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी।

——————————

प्रदेश सरकार ने राज्य में इको टूरिज्म और पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। कतर्नियाघाट वन्य जीव अभयारण्य से दुधवा टाइगर रिजर्व तक रेल कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पर्यटक ट्रेन में विस्टाडोम कोच का संचालन शुरू कर दिया गया है।

———————

आज से दोबारा आईपीएल की शुरुआत हो गई है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच होने वाला है। 9 मई को भारत–पाक तनाव को देखते हुए लीग मैचों को स्थगित कर दिया गया था।

———————

प्रदेश के कई जनपदों में आज तेज आंधी के साथ बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में भीषण गर्मी का भी प्रकोप जारी रहा। मौसम विभाग ने अगले सात दिनों तक प्रदेश में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। जबकि दक्षिणी इलाकों में लू चलने की संभावना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि के दृष्टिगत प्रभावी जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। उधर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता को तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए गाइड लाइन जारी की है। इटावा और वाराणसी में इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

(समाप्त)